देहरादून / 08 जुलाई 2025

मतदाना कार्मिकों के समय–समय पर आयोजित किए जाएं प्रशिक्षण कार्यक्रम – निर्वाचन आयुक्त

निर्वाचन आयुक्त डॉ सुखवीर सिंह सन्धु ने ली समीक्षा बैठक

युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के दृष्टिगत व्यापक चलाया जाए विशेष अभियान अभियान

देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त डॉ सुखवीर सिंह सन्धु ने मंलगवार को देहरादून में निर्वाचन सम्बंधी गतिविधियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड डॉ बी वी आरसी पुरुषोत्तम ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। निवार्चन आयुक्त डॉ सुखवीर सिंह संन्धु ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के दृष्टिगत व्यापक अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदान प्रक्रिया से जुड़े कार्मिकों की राज्य एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स को विशेष रुप से तैयार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गढ़वाल एवं कुमाऊ मंडल में एक–एक ट्रेनिंग सेटर चिन्हित कर दिया जाए जहां समय–समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पदित किए जा सकें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार नए सिरे से प्रदेश नए बूथ लेवल ऑफिसरों की तैनाती की प्रर्किया गतिमान है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तर पर डीईओ,ईआरओ,बीएलओ सुपरवाईजर, बीएलओ एव ंबीएलए के प्रशिक्षण हेतु आगामी अगस्त एवं सितंबर माह में कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि राजनैतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति की प्रक्रिया गतिमान है जिसे जल्द सम्पन्न कर दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में विशेष सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम का खाका भी तैयार कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग के नए दिशा निर्देशों के क्रम में 2 किलोमीटर से अधिक पैदल दूरी के पोलिंग बूथ एवं 1200 से अधिक मतदाताओं की संख्या वाले पोलिंग बूथ के कारण प्रदेश में लगभग 1 हजार नए पोलिंग बूथ नए स्थापित किए जा रहे हैं।

निवार्चन आयुक्त डॉ सुखवीर सिंह संन्धु ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के दृष्टिगत व्यापक अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदान प्रक्रिया से जुड़े कार्मिकों की राज्य एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स को विशेष रुप से तैयार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गढ़वाल एवं कुमाऊ मंडल में एक–एक ट्रेनिंग सेटर चिन्हित कर दिया जाए जहां समय–समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पदित किए जा सकें।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे, जिला निर्वाचन अधिकारी देहरादून डॉ सविन बंसल,उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी,उप जिलाधिकारी डॉ अपूर्वा उपस्थित रही।